Regarding proposed establishment of Mega Coaching Complex in Shisho Railway Station in Darbhanga, Bihar.-laid

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) : शीशो स्टेशन पर रेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स के अति शीघ्र निर्माण का मुद्दा आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं ।दरभंगा स्टेशन मिथिला का सबसे व्यस्ततम स्टेशन है । इस स्टेशन से प्रतिदिन औसतन 15 ट्रेन खुलती हैं और 51 ट्रेन गुजरती है ।इसके अलावा प्रति दिन 14 माल ट्रेन गुजरती है । इस स्टेशन पर सीमित ढांचागत सुविधाओं के कारण ट्रेनों का समयबद्ध परिचालन मुश्किल हो रहा है । लाइन के अभाव के कारण ट्रेन घंटों विलंब से चलती हैं ।घनी आबादी के मध्य अवस्थित होने के कारण दरभंगा स्टेशन का पुनर्विकास मुश्किल प्रतीत हो रहा है ।इन समस्याओं के समाधान हेतु दरभंगा स्टेशन से लगभग 04 किलोमीटर की दूरी पर स्थित शीशों स्टेशन पर रेलवे द्वारा मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स बनाना प्रस्तावित किया गया है । प्रस्तावित कोचिंग कॉम्प्लेक्स में 05 वाशिंग पीट, 03 स्टेबलिंग लाइंस, 01 शाटिंग लाइन और 01 सिक लाइन बनाने की योजना है । इस परियोजना के पूर्ण हो जाने पर न सिर्फ ट्रेनों का समयबद्ध परिचालन संभव हो सकेगा अपितु कई लंबित ट्रैनों का भी परिचालन संभव हो सकेगा और क्षेत्र का देश के दूसरे भागों से संपर्क के नए रास्ते खुलेंगे । रेलवे के राजस्व में भी करोड़ों रुपए की वृद्धि होगी । इस परियोजना का निर्माण अति शीघ्र पूरा किया जाय ।